दैनिक जागरण जनपद बरेली दिनॉक 15.08.2024



गांधी उद्यान में बुधवार को राष्ट्रगान के दौरान एडीजी जोन रमित शर्मा, साथ में आइजी रेंज डा. राकेश सिंह, एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी सिटी राहुल भाटी व अन्य पुलिस अधिकारी ● जागरण

# देशभक्ति के तरानों पर झूमे पुलिसकर्मी हर हाथ में तिरंगा लेकर निकाली यात्रा

- पुलिस लाइंस से निकली तिरंगा यात्रा गांधी उद्यान पर संपन्न
- एक सुर में अपील, सभी फहराएं तिरंगा, मातृभूमि की बढ़ाएं शान

जागरण संवाददाता, बरेली : देश के साथ खाकी भी आजादी के तरानों में रंग गई है। एक-एक जन का सीना फक्र से चौड़ा है। बलिदानियों के शौर्य व पराक्रम से मस्तक ऊंचा है। आजादी के तराने गाते हुए पुलिसकर्मियों ने बुधवार को पुलिस लाइंस से तिरंगा यात्रा निकाली।

भारत मां के जयघोष की गूंज के बीच यात्रा पुलिस लाइंस से सेठ दामोदर दास पार्क, चौकी चौराहा होते हुए गांधी उद्यान पहुंची। गांधी उद्यान पर राष्ट्रगान हुआ। फिर भारत मां के जयघोष से परिसर गूंज उठा। यात्रा में एडीजी टीम का नेतृत्व कर रहे थे। उनके साथी आइजी व एसएसपी भी हाथ में तिरंगा लेकर कदमताल कर रहे थे। एक-एक जन तिरंगा लहरा रहा था। सभी पूरे उत्साह से लबरेज थे। गांधी उद्यान पर राष्ट्रगान के बाद एडीजी जोन रमित शर्मा ने कहा कि हम सब के लिए गौरव का दिन है। मातृभूमि की शान में 15 अगस्त को सभी से तिरंगा फहराने की अपील की। इस दौरान आइजी रेंज डा. राकेश सिंह, एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी सिटी राहुल भाटी, एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्र समेत सीओ व लाइन से बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी शामिल रहे।

हिन्दुस्तान जनपद बरेली दिनॉक 15.08.2024

### शहर से लेकर देहात तक निकली तिरंगा यात्रा, पुलिस, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के साथ आम लोगों ने की सहभागिता

# हर तरफ छाया देशभक्ति का रंग

**बरेली, प्रमुख संवाददाता।** पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की अगुवाई में बुधवार को विकास भवन से तिरंगा यात्रा निकाली गई। डीएम रविंद्र कुमार और सीडीओ जग प्रवेश ने तिरंगा यात्रा के हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हाथों में रितंगा लेकर कर्मचारियों ने भारत माता की जय के नारे लगाए।

तिरंगा यात्रा गांधी उद्यान से चौकी चौराहा, कोतवाली, कुतुब खाना ओवर ब्रिज, प्रेम नगर धर्मकांटा, शहामतगंज होते हुए विकास भवन गेट पर संपन्न हुई। यात्रा में शामिल तिरंगा गुब्बारों से सजी कार आकर्षण का केंद्र बनी रही। भारत सेवा ट्रस्ट पर तिरंगा यात्रा का स्वागत किया गया। इस मौके पर रामलाल कश्यप, रविंद्र कश्यप, कमलेश सागर, रनवीर सिंह पटेल, राजेंद्र सिंह कोली, ओमप्रकाश, मिस्त्र यार खान आदि लोग मौजूद रहे।

**आओ मिलकर तिरंगा फहराएं, मातृभूमि की शान बढ़ाएं:** स्वतंत्रता दिवस-2024 के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को पुलिस लाइन से गांधी उद्यान तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें एडीजी रमित शर्मा, आईजी डाक्टर राकेश कुमार सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तिरंगा यात्रा पुलिस लाइन से दामोदर पार्क, चौकी चौराहा होते हुए गांधी उद्यान पहुंची। जिसमें पुलिस अधीक्षक उत्तरी, पुलिस अधीक्षक अपराध, क्षेत्राधिकारी प्रथम और क्षेत्राधिकारी तृतीय आदि रहे।



स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सजाया गया कलक्ट्रेट।



पुलिस लाइन से बुधवार को अधिकारियों ने तिरंगा यात्रा निकालकर लोगों में देशभक्ति की अलख जगाई।

## तिरंगा वितरण कर जगाई देशभक्ति की अलख

बरेली। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष अनिल अग्रवाल के नेतृत्व में सुभाष नगर 200, मणिनाथ और सीबीगंज में 300 व्यापारियों को तिरंगा झंडा बांटा गया। इस दौरान संगठन के घासी राम अग्रवाल, विकास अग्रवाल, अनुज गुप्ता, देवेंद्र पाल सिंह, विक्की बग्गा, आलोक अग्रवाल, परमजीत सिंह, मनजीत सिंह, अमित अग्रवाल, देवेंद्र सिंह गंगवार, अजय चौहान, हरदेव सिंह, अंशुल अग्रवाल, विक्की साहनी, रवि गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता दिवस पर अच्छी लाइटिंग करने वाले ऑफिस होंगे सम्मानित

स्वतंत्रता दिवस पर सभी सरकारी कार्यालय भवनों, प्राईवेट प्रतिष्ठानों और आवासीय स्थलों पर तिरंगा फहराया जाएगा। उत्तम प्रकाश व्यवस्था करने वाले कार्यालयों को पुरस्कृत किया जाएगा। डीएम ने सभी कार्यालय अध्यक्ष, भवन स्वामी, प्रतिष्ठान स्वामी को स्वतंत्रता दिवस पर अच्छी सजावट करने की अपील की है। डीएम ने छोटे वीडियो, फोटोग्राफ्स जिला विकास अधिकारी के व्हाट्सएप मोबाइल नंबर 9454464644 और कार्यालय अधीक्षक के व्हाट्सएप मोबाइल नंबर 6392640095 पर भेजने को कहा है।



व्यापारियों ने बाजार में झंडा बांटकर हर घर तिरंगा लगाने की अपील की।

# अमर उजाला जनपद बरेली दिनॉक 15.08.2024

## पुलिस लाइन से निकाली गई तिरंगा यात्रा



यात्रा में शामिल पुलिस विभाग के अधिकारी। स्रोत : पुलिस


**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बरेली।** पुलिस लाइन परिसर से बुधवार को गांधी उद्यान तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया।

यात्रा पुलिस लाइन से दामोदर पार्क, चौकी चौराहा होती हुई गांधी उद्यान के बाद फिर पुलिस लाइन आकर समाप्त हुई।

एडीजी के साथ आईजी डॉ. राकेश सिंह, एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी सिटी राहुल भाटी, एसपी उत्तरी मुकेश मिश्रा व एसपी क्राइम मुकेश सिंह मौजूद रहे। रैली में सीओ व स्थानीय अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे।

---



स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अय्यूब खां चौराहे पर बने स्काई वॉक को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया। संवाद

## आज सुबह दस बजे 52 सेकंड के लिए थमेगा शहर, गूंजेगा राष्ट्रगान

अमर उजाला ब्यूरो

**सायरन बजते ही शहर के 23 चौराहों पर शुरू होगा राष्ट्रगान, आप भी बनें साक्षी**

**बरेली।** स्वतंत्रता दिवस पर बृहस्पतिवार को अमर उजाला के अभिनव अभियान 'मां तुझे प्रणाम' के तहत शहर के 23 मुख्य चौराहों पर सामूहिक राष्ट्रगान का आयोजन होगा। अपील है कि जब राष्ट्रगान शुरू हो तो जहां है, वहीं कुछ देर के लिए ठहरकर राष्ट्रगान के प्रति सम्मान जताएं।

नगर निगम के पब्लिक एड्रेस सिस्टम पर ठीक सुबह 10 बजे राष्ट्रगान होगा। मुख्य आयोजन गांधी उद्यान में होगा। इस दौरान मंच पर देशप्रेम की थीम पर आधारित कई प्रस्तुतियां होंगी।

साथ ही सिटी सब्जी मंडी मोड़, कलक्ट्रेट, कुतुबखाना, सौ फुटा, डेलापीर, सेलेक्शन प्वॉइंट चौराहा, शील चौराहा, ईंट पजाया, अलखनाथ मंदिर, नगर निगम, श्यामगंज, धर्मकांटा, गणेशनगर, किला क्रॉसिंग, वीरांगना चौक, कोर्ट गेट, सेटेलाइट बस स्टैंड, कोहाड़ापीर तिराहा, बिहारीपुर पुलिस चौकी, पुराना बस अड्डा, गांधी उद्यान, बरेली कॉलेज गेट, मलूकपुर चौक सहित 23 तिराहों-चौराहों पर राष्ट्रगान गूंजेगा। शहरवासियों के साथ जनप्रतिनिधि, व्यापारी, उद्यमी, गण्यमान्य नागरिक इसमें प्रतिभाग करेंगे।




गांधी उद्यान से वॉक फॉर यूनिटी (रैली) को हरी झंडी दिखाते महापौर उमेश गौतम, एडीजी रमित शर्मा, एसएसपी अनुराग आर्य, बीडीए सचिव योगेंद्र कुमार व अन्य। अमर उजाला

लहराया तिरंगा : पेज 8 पर

# अमृत विचार जनपद बरेली दिनॉक 15.08.2024

## जो वर्दी पहनी है... इस पर कभी दाग न आए

### अफसरों के साथ तिरंगा यात्रा की अगुवाई के दौरान बोले एडीजी, कहा- सभी घरों में लगाएं तिरंगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : हर घर तिरंगा अभियान के तहत पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को पुलिस लाइन से गांधी उद्यान तक पैदल तिरंगा यात्रा निकाली। पुलिस लाइन में अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक डॉ. राकेश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने हरी झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया।

यात्रा सभी एडिशनल एसपी, सीओ शामिल हुए। इस मौके पर एडीजी ने कहा कि लोगों को पुलिस से 24 घंटे अपेक्षाएं रहती हैं। इसलिए यह वर्दी जो पहनी है, कभी इस पर दाग नहीं आना चाहिए। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी तिरंगा अभियान से जुड़ें और



पुलिस अफसरों की अगुवाई में निकली तिरंगा यात्रा। • अमृत विचार

अपने घरों में झंडा लगाएं। तिरंगा यात्रा पुलिस लाइन से दामोदर पार्क, चौकी चौराहा होते हुए गांधी उद्यान पहुंची। यहां सभी ने राष्ट्रगान गाया।

यात्रा का समापन पुलिस लाइन में हुआ। एसपी सिटी राहुल भाटी, एसपी दक्षिण मानुष पारीक, एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा, एसपी ट्रैफिक शिवराज आदि मौजूद रहे।

---

# युवा हस्ताक्षर जनपद बरेली दिनॉक 15.08.2024

## पुलिस ने निकाली तिरंगा यात्रा एडीजी, आईजी, एसएसपी, एसपी सिटी सीओ समेत कई अधिक हुए शामिल





**युवा हस्ताक्षर रिपोर्टर**

**बरेली।** आजादी के महापर्व को मानने के लिए पूरा शहर तैयारियों में लगा हुआ है। इसी क्रम में पुलिस लाइन में एडीजी रमित शर्मा ने हरी झड़ी दिखा कर तिरंगा यात्रा को रवाना किया। तिरंगा यात्रा पुलिस लाइन से चौपला पटेल चौक से होते हुए चौकी चौराहा पर समाप्त हुई। इस दौरान सभी पुलिस कर्मी हाथो में तिरंगा लेकर भारत माता के जयकारे लगाते हुए आगे बड़ रहे थे। तिरंगा यात्रा का मुख्य उद्देश लोगो को देश के प्रति जागरूक करना था इस मौके पर एडीजी रमित शर्मा ने कहा बहुत ही गर्व का विषय है। हमे बहुत ही संघर्ष के बाद आजादी मिली है। आजादी के लिए अपने प्राणों को आहुति देने वाले भारत मां के वीर सपूतों के बलिदान को याद कर अपने आप को गौरांबित करते है। सभी को इस आजादी के जश्न को हर्ष उल्लास ई साथ मनाना चाहिए। इस मौके पर एडीजी रमित शर्मा, आईजी डाक्टर राकेश कुमार, एसपी सिटी राहुल भाटी आदि मौजुद रहे।